हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, शनिवार, 27 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 37 .3 डिग्री
न्यूनतम 25 .5 डिग्री

13 श्रीराम ने शिव धनुष तोड़ा तो आग बबूला हुए परशुराम



14 एडिड कॉलेज के कर्मचारियों के तीन माह से वेतन नहीं



## नियुक्ति के साथ विवादों में हिसार मार्केट कमेटी के चेयरमैन सुरेंद्र बेदी

# आदमपुर में कांग्रेस के लिए मांगे वोट, वीडियो वायरल

वीडियो वायरल होने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं में आक्रोश, 56 साल बाद आदमपुर में भजनलाल परिवार की 2024 के चुनाव में हुई थी हार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

मार्केट कमेटी चेयरमैन की नियुक्ति के साथ ही हिसार के चेयरमैन सुर्खियों में आ गए हैं। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें वे भाजपा के खिलाफ व कांग्रेस के पक्ष में वोट मांगते नजर आ रहे हैं। सरकार ने तीन दिन पूर्व ही सुरेन्द्र सिंह बेदी को हिसार मार्केट कमेटी का चेयरमैन बनाया है, जिससे सत्तारूढ़ दल के कार्यकर्ताओं की आंखे लाल हैं।

बताया जा रहा है कि सुरेंद्र सिंह किसी समय भाजपा नेता कुलदीप बिश्नोई और नलवा के विधायक रणधीर पनिहार के करीबी होते थे। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि करीबी होने के बावजूद 2024 के चुनाव में सुरेंद्र सिंह ने आदमपुर में भाजपा प्रत्याशी भव्य बिश्नोई के खिलाफ प्रचार कर कांग्रेस प्रत्याशी चंद्रप्रकाश के लिए वोट मांगें थे।



हिसार। आदमपुर चुनाव के दौरान प्रचार करते सुरेन्द्र (फाइल फोटो)।

चुनाव में भव्य बिश्नोई थोड़े अंतर से हार गए थे। अब मार्केट कमेटी चेयरमैन की सूची में सुरेंद्र का नाम आने से कुलदीप बिश्नोई के समर्थक भड़क गए हैं। सोशल मीडिया पर निशाना साध रहे हैं।

2024 में हुए विधानसभा चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भजनलाल का परिवार आदमपुर से 56 साल बाद चुनाव हारा। हार के अनेक कारण हो सकते हैं लेकिन कार्यकर्ताओं का कहना है कि चुनाव में खिलाफत करने वालों को चेयरमैन बनाना बिल्कुल गलत है। कुलदीप समर्थकों का कहना है कि चेयरमैन बनाए गए सुरेंद्र की छवि ठीक नहीं है। सदलपुर के रहने वाले कुलदीप समर्थक चंद्रमोहन जाजूदा ने सोशल मीडिया पर डाली पोस्ट में आरोप लगाया कि सुरेंद्र के विरुद्ध हिसार सहित अन्य थानों में कई मुकदमे दर्ज हैं। ऐसे व्यक्ति की नियुक्त सेसमाज एवं आम जनता पर बहुत ही गलत संदेश जाएगा।



भाजपा नेता कुलदीप बिश्नोई व रणधीर पनिहार के साथ सुरेन्द्र (फाइल फोटो)।

### पहिनहार के करीबी

हिसार मार्केट कमेटी के नवनियुक्त चेयरमैन सुरेंद्र पनिहार गांव के रहने वाले हैं और नलवा से भाजपा के विधायक रणधीर सिंह पनिहार के करीबी माने जाते हैं। भाजपा के विधायक पनिहार का कहना है कि सुरेंद्र सिंह का अब हृदय परिवर्तन हो चुका है। वो उनके किसी दिन के शब्द थे, लेकिन राजनीति में कभी भी किसी के विचार बदल सकते हैं।

### मैं कुलदीप का सिपाही

चेयरमैन सुरेंद्र सिंह का कहना है कि मैं कुलदीप बिश्नोई का सच्चा सिपाही हूं। मैं तीन पीढ़ी से उनके साथ हूं। एक दिन के लिए मैं दूसरी तरफ चला गया था, लेकिन मैं भाजपा के साथ हूं। यहां तक कि मंगाली रैली में सीएम साहब का स्टेज संभाल चुका हूं। उनका कहना है कि कुलदीप बिश्नोई का फोन मेरे पास आ चुका है, उन्होंने मुझे आशीर्वाद व बधाई दी है।

## खबर संक्षेप

### खांडा खेड़ी में बॉक्सिंग का महाकुंभ आज

**नारनौंद।** गांव खांडा खेड़ी में 27 सितंबर को बॉक्सिंग का महाकुंभ होगा जिसमें देशभर से बॉक्सिंग के खिलाड़ी भाग लेंगे। ग्राम पंचायत खांडा खेडी की तरफ से बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। सरपंच बलजीत सिंह व राजेश लोहान ने बताया कि फोर्थ फाइट नाइट शो एक शानदार पहल है। जोकि युवाओं को खेलों में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करेगी। आयोजन के लिए जोरदार तैयारी की जा रही है ग्रामीण स्तर पर ऐसी पहली प्रतियोगिता होगी जो कि राष्ट्रीय लेवल की होगी।

### बीड़ बबरान धाम का फ्री ताली कीर्तन आज

**हिसार।** बीड़ बबरान धाम का निःशुल्क ताली कीर्तन 27 सितंबर को रूप नगर में यह आयोजन होगा। 12 क्वार्टर रोड पर पुलिस चौकी के पास स्थित रूप नगर में रात्रि 7 बजे से प्रभु इच्छा तक ताली कीर्तन के माध्यम से श्याम बाबा की महिमा का गुणगान किया जाएगा। इस अवसर पर श्याम बाबा का भव्य दरबार सजाया जाएगा। इतना ही नहीं भक्तों को बीड़ बबरान की अखंड ज्योति के दर्शनों का अवसर भी मिलेगा।

### हकृवि दशहरा महोत्सव में रामायण 30 को

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय 30 सितंबर को इंदिरा गांधी सभागार में दशहरा महोत्सव के उपलक्ष्य में 'स्वांग शैली में रामायण' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि होंगे। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. एसके पाहुजा ने बताया कि कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों एवं कैंपस स्कूल के विद्यार्थी भाग लेंगे। कार्यक्रम दोपहर तीन बजे शाम को डांडिया नृत्य के साथ संपन्न होगा।

### श्रमिक जागरूकता कार्यक्रम कल

**हिसार।** श्रम विभाग हरियाणा द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले राष्ट्र स्तरीय श्रमिक सेवा व जागरूकता अभियान के तहत 2 अक्टूबर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेगा। उपनिदेशक रवि सिंह और डीसी शशिबाला ने बताया कि 28 सितंबर को लघु सचिवालय में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर श्रमिकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और विभाग द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि महापौर प्रवीण पोपली और विशिष्ट अतिथि हिसार भाजपा जिला अध्यक्ष आशा खेदड़ शामिल होंगी।

## हरियाणा पुलिस के जवान ने फांसी लगाकर जान दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरवाला

वार्ड नं. 12 सिहाग कॉलोनी में एक युवक ने अपने ही घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने सूचना पाते ही मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। मृतक हरियाणा पुलिस का जवान राहुल शादीशुदा था। पार्षद प्रतिनिधि ऋषि ने बताया कि राहुल मूल रूप से ढाणी खान बहादुर व हाल आबाद वार्ड नं. 12 सिहाग कॉलोनी में अपने परिवार के साथ रहता था राहुल ने चौबारे पर अपने घर में रस्सी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

### बिजली का करंट लगने से हेल्पर की मौत

**बरवाला।** वार्ड नं. 12 ताज कॉलोनी में स्थित सरकारी कैंटीन की बेसमेंट में से पानी निकालते वक्त एक हेल्पर की मौत हो गई है। पुलिस ने सूचना पाते ही मौके पर पहुंच कर मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल हिसार भेज दिया गया है। बताया जाता है कि गांव बास निवासी 30 वर्षीय संदीप ताज कॉलोनी में स्थित सरकारी कैंटीन में हेल्पर के तौर पर कार्य करता था। सरकारी कैंटीन की बेसमेंट में पानी घुसा हुआ था तो हेल्पर संदीप मोटर लगाकर बेसमेंट में घुसे पानी को निकाल रहा था तो इस दौरान उसकी बिजली के करंट की चपेट में आने से मौत हो गई।

### खून की ज़रूरत का झांसा देकर ठगी के 2 आरोपी काबू

**हिसार।** अर्बन एस्टेट पुलिस ने खून की ज़रूरत का झांसा देकर 13 हजार की ठगी क दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से वारदात में प्रयोग गाड़ी व 5800 रुपये बरामद किए। आरोपियों की पहचान डिंग रोड सिरसा निवासी मोहन लाल उर्फ सुनील व पारीक कॉलोनी, हनुमानगढ़ निवासी अजय कुमार के रूप में हुई है। आईओ एएसआई रामजी लाल ने बताया कि 22 सितंबर की रात गांव जुलानी के कर्मपाल अपने भतीजे की देखभाल के लिए अस्पताल में ठहरा हुआ था। रात करीब 10 बजे एक अज्ञात युवक आया व एमरजेंसी में अपनी बहन के लिए खून की तत्काल ज़रूरत बता कर्मपाल का मोबाइल नंबर लेकर घरवालों के पहुंचने पर वापस करने की बात कहकर 13 हजार रुपये मांगें। कर्मपाल से रुपये लेने के बाद वह आई-20 कार में सवार होकर फरार हो गया।

### मारपीट कर रुपये छीनने के चार आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** अग्रोहा पुलिस ने फ्रांसी असरावां रोड पर मल्लापुर निवासी विकास के साथ मारपीट करके रुपये छीनने के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान बड़वा निवासी रोहित उर्फ कालिया, रावतखेड़ा निवासी पवन उर्फ खबरी और असरावा निवासी सुमित उर्फ मिठू व अंकुश के रूप में हुई। जिनमें से कोर्ट ने सुमित को एक दिन के रिमांड पर भेज दिया। आईओ एसआई रामपाल ने बताया कि गांव मल्लापुर निवासी विकास ने बताया था कि 23 सितंबर को वह कुलेरी से अपने गांव मल्लापुर जा रहा था। फ्रांसी असरावा रोड पर नहर के पास अचानक एक बाइक पर चार लड़के आए व बाइक रुकवाकर उसके साथ मारपीट करके 8600 रुपये छीन लिए।

### फर्जी प्लाट दिखाकर दो लाख हड़पे, आरोपी काबू

**बरवाला।** बरवाला पुलिस ने फर्जी प्लाट दिखाकर दो लाख रुपये हड़पने के आरोपी लाजपत नगर निवासी तिलकराज को गिरफ्तार कर लिया है। हिसार निवासी दिनेश सैनी ने बताया कि तिलकराज मजबूरी बताकर उससे दो लाख उधार लिए तथा बाद में रास्ते को प्लाट बताकर ब्याना के तौर पर दो लाख और ले लिए। जब रजिस्ट्री करवाने या पैसे लौटाने की कहा तो आरोपी ने धमकी देते हुए पैसे लौटाने से इंकार कर दिया।

## खेड़ी जालब में सीएफ फ्लाइंग का छापा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

गांव खेड़ी जालब में चल रहे मनरेगा कार्यों में बड़े पैमाने पर धांधली का मामला सामने आया है। धांधली की सूचना के चलते शुक्रवार को सीएम फ्लाइंग टीम ने गांव में तालाब खुदाई और खेत रास्ते निर्माण के कार्यों का औचक निरीक्षण किया, जहां मौके पर भारी अनियमितताएं उजागर हुईं। न सीएम फ्लाइंग टीम का नेतृत्व हिसार रेंज इंचार्ज सुनैना ने किया। उनके साथ पीडब्ल्यूडी के उपमंडल अभियंता सौरव चौहान, एएसआई सुरेंद्र, एचसी विजय, मनरेगा एबीपीओ नरेंद्र कुमार तथा गांव के सरपंच युद्धवीर भी मौजूद रहे। सीएम फ्लाइंग को गुप्त सूचना मिली थी कि गांव खेड़ी जालब में फर्जी तरीके से मनरेगा मजदूरों की हाजिरी दर्ज कर सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। इसी आधार पर यह औचक निरीक्षण किया गया।



### ग्रामीणों का आरोप

कुछ ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि मनरेगा में काम करने वाले हाजरी तो यहां लगवाते है। लेकिन काम सरपंच की दुकान पर करते हैं। सरपंच व मेट भारी गड़बड़ी करके सरकार के पैसे को लूटने का काम कर रहे हैं। काफी बार पहले भी इसकी शिकायत अन्य अधिकारियों से भी की गई थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई थी।

### राजस्व की हानिः सुनैना

सीएम फ्लाइंग टीम इंचार्ज सुनैना ने बताया कि सरकार के राजस्व को नुकसान पहुंचाया जा रहा था। 17 लोगों की एक ही दिन में दो जगह हाजिरी लगवाई गई। मेट भी पिछले काफी समय से दूसरे लोगों की जगह खुद हाजिरी लगवा रहे थे। एक युवक तो सरपंच के घर पर चाय पानी बनाने का काम करता है और उसकी हाजिरी मनरेगा में लगाई जाती हैं। भारी गड़बड़ी मिली है। कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### एबीपीओ ने माना कार्य में भारी लापरवाही

जांच के बाद मनरेगा एबीपीओ नरेंद्र कुमार ने माना कि कार्य में भारी लापरवाही हुई है। उन्होंने कहा कि मामले की पूरी रिपोर्ट बनाकर उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी तथा मनरेगा एक्ट के तहत जिम्मेदार लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### घपलाः मेट पोर्टल पर बन गई मजदूर, खेत के रास्ते पर लापता मिले 17 मजदूर

- जोहड़ खुदाई में 85 की जगह मिले 83 मजदूर
- रास्ते पर काम के लिए फर्जी दिखाई 17 मजदूर

निरीक्षण में पाया गया कि मनरेगा पोर्टल पर तालाब खुदाई में 85 मजदूरों की हाजिरी दर्ज की गई थी, जबकि मौके पर 83 मजदूर मिले। पूनम रानी नामक महिला मजदूर की जगह मेट सुमन का फोटो पोर्टल पर अपलोड कर हाजिरी दिखाई गई, एक अन्य मजदूर सोनू मौके से गैर हाजिर मिला। काफी लोग ऐसे नजर आए जो काम तो मनरेगा में तालाब की मिट्टी खोदने का कर रहे हैं, लेकिन उनके कपड़े बिल्कुल सफेद हैं। मानो कोई भाषण देने के लिए यहां आए हो। काम करने वाले कुछ लोग सुबह हाजिरी लगते ही गायब हो जाते हैं और कुछ दोहपर बाद आकर हाजिरी लगाते हैं। सीएम फ्लाइंग गांव के एक खेत रास्ते पर पहुंची, जहां मास्टर रोल नंबर 2678 और 2679 के अंतर्गत 17 मजदूरों की हाजिरी ऑनलाइन थी, वास्तविकता में न तो कोई मजदूर मिला और न ही कोई काम हुआ मिला। जांच में यह भी सामने आया कि तालाब खुदाई करने वाले ही 15 मजदूरों को कागजों में खेत रास्ते के काम पर भी दिखाया गया है।

## निगम ने 56 बेसहारा पशुओं को पकड़कर भेजा ढंढूर गो-अभ्यारण

**हिसार।** नगर निगम की टीम द्वारा वीरवार-शुक्रवार की रात शहर के विभिन्न स्थानों से 56 बेसहारा पशुओं को पकड़ा गया। शहर में चलाए गए कैटल कैप्चर अभियान के नोडल ऑफिसर सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि रात्रि को जहाजपुल, नई सब्जीमण्डी, भारत नगर, कैंची चौक से मिर्जापुर चौक तक, मिलगेट रोड से एयरपोर्ट, मेला ग्राउड इत्यादि क्षेत्र से 56 बेसहारा पशुओं को पकड़कर गो-अभ्यारण ढंढूर भेजा गया। इस दौरान पुलिस व तहबाजारी टीम इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा व टीम मौजूद रही। उन्होंने कहा कि आगे भी निगम का यह अभ्ज्ञियान जारी रहेगा।




### ऑल इंडिया इलेक्ट्रिसिटी स्पोर्ट्स की 47वीं चैंपियनशिप

# पंजाब स्टेट पॉवर बैडमिंटन का विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा पावर स्पोर्टस ग्रुप की मेजबानी में विद्युत नगर स्थित बैडमिंटन नर्सरी में संपन्न हुई ऑल इंडिया इलेक्ट्रिसिटी स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड की तीन दिवसीय 47वीं बैडमिंटन टूर्नामेंट में पंजाब स्टेट पावर ने चैंपियनशीप का खिताब अपने नाम किया। विद्युत नगर बैडमिंटन नर्सरी में इस तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डायरेक्टर फाइनेंस रतन वर्मा ने शिरकत की और ऑल इंडिया स्पोर्ट्स इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड के एडवाइजर व हिमाचल स्टेट पावर के पूर्व मैनेजिंग डायरेक्टर पंकज डडवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। समापन समारोह के अवसर पर दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के डायरेक्टर फाइनेंस रतन वर्मा ने और विशिष्ट अतिथि पंकज डडवाल ने विजेताओं में ईनाम वितरित किए। मुख्य अतिथि रतन वर्मा ने कहा कि आपके पदक और ट्रॉफी जीतने आपके समर्पण और मेहनत का प्रतीक हैं और उतने ही आप सभी प्रतिभागियों के उत्साह और अनुशासन के लिए भी सराहनीय है।



### महिला डबल्सः महाराष्ट्र डिस्कॉम विजेता

उपमंडल अधिकारी सुनील वर्मा ने बताया कि महिला डबल्स मुकाबलों में महाराष्ट्र डिस्कॉम की जोड़ी चैतरा व रितिका प्रथम, हरियाणा पॉवर से रजनी व उर्मिला द्वितीय और महाराष्ट्र जेंन्को से करुणा व लक्ष्मी की जोड़ी तृतीय स्थान पर रही। महिला एकल मुकाबलों में टाटा पॉवर से मिछेल्ल प्रथम, महाराष्ट्र डिस्कॉम से अनीता द्वितीय और गुजरात ऊर्जा निगम से ज्योति तृतीय स्थान पर रही। महिला टीम मुकाबलों में महाराष्ट्र डिस्कॉम प्रथम, गुजरात ऊर्जा निगम से द्वितीय और राजस्थान ऊर्जा निगम ने तृतीय स्थान पर रहे। पुरुष डबल्स मुकाबलों में पंजाब स्टेट पावर के हरमिंद्र व लखविंद्र प्रथम, हरियाणा पावर से सुरेन्द्र व वीरेंद्र की जोड़ी द्वितीय और महाराष्ट्र ट्रांसको से दानेश्वर व राहुल तृतीय स्थान रहे। पुरुष एकल मुबल में पंजाब स्टेट पावर से हरमीन्दर प्रथम, लखविंदर द्वितीय और रक्षित तृतीय स्थान रहे। पुरुष टीम मुकाबलों में पंजाब स्टेट पावर ने प्रथम, उत्तर प्रदेश द्वितीय और महाराष्ट्र डिस्कॉम ने तृतीया स्थान प्राप्त किया।

### ये रहे उपस्थित

इस मौके पर बिजली निगम की डायरेक्टर प्रोजेक्ट व टूर्नामेंट की ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन इंजीनियर विनीता सिंह, बिजली निगम के मुख्य प्रशासन रजनीश गर्ग, चीफ ऑपरेशन राजेंद्र सभरवाल, अधीक्षक अभियंता विजेंदर लाम्बा, राजकुमार जाजोरिया, कार्यकारी अभियंता राजेश, हरियाणा पावर स्पोर्ट्स ग्रुप के जनरल सेक्रेटरी व बैडमिंटन नर्सरी के कोच सुरेन्द्र कुमार, सुदीप बामल, सुरेंद्र रेडू, उपमंडल अधिकारी दीपक चौहान, राम कटारा, सागर पुलानी, नगेंद्र मलिक, बलजीत बेनीवाल, अमित, संदीप, मनदीप, राजेश, नरेंद्र, मंजीत, परवीन इत्यादि मौजूद रहे।

### अविराज व विवेक विजेता

**हिसार।** डीएवी पब्लिक स्कूल के छात्र अविराज व विवेक ने स्टेट डीएवी कुश्ती में स्वर्ण पदक जीते। डीएवी सेंचुरी स्कूल रोहतक में आयोजित स्पर्धा में कक्षा नौवीं के छात्र अविराज ने अंडर 17 व सातवीं के छात्र विवेक ने अंडर 14 कुश्ती की प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक अपने नाम किए।


कुछ प्रजातियां, जैसे न्यूज़ीलैंड के कुछ पक्षी और कीवी पक्षी, अंधे होते हैं और गंध के सहारे शिकार करते हैं।


पपुआ न्यू गिनी का हूडेड पिटोहुई दुनिया का एकमात्र जहरीला पक्षी है।

# एमबीए करने के बाद बना सकते हैं अच्छा करियर



नालेज

यंगभूमि डेस्क

आप भी एमबीए करने के बारे में सोच रहे हैं और आपको नहीं पता कि एमबीए करने के फायदे क्या होते हैं और एमबीए करने से क्या होता है तो यह जानकारी आपके लिए महत्वपूर्ण होने वाली है। बहुत सारे विद्यार्थियों को बिजनेस में रुचि होती है। जो विद्यार्थी बिजनेस में इंटरेस्ट रखते हैं वह अपना खुद का व्यापार करना चाहते हैं। ऐसे में उनका गोल सेट होता है कि उन्हें एमबीए करना है। एक बेहतर माइंडसेट वाले स्टूडेंट को एमबीए करने के लाभ जरूर मिलते हैं। अगर आप भी बिजनेस में रुचि रखते हैं तो किसी भी अच्छे संस्थान से एमबीए कर सकते हैं।

## सरकारी कॉलेज से एमबीए

हम आपको कुछ ऐसे कॉलेजों के बारे में बता रहे हैं जहां से आप आसानी से यह डिग्री प्राप्त कर सकते हैं। हमारे इस आर्टिकल से आपको काफी सहायता मिलेगी। विभिन्न कालेज तथा उनके फीस के बारे में आपको थोड़ा अंदाजा हो जाएगा। जिसके अनुसार आप किसी भी कॉलेज में एडमिशन ले पाएंगे जो आपके पसंद के मुताबिक होगा। आमतौर पर अगर आप प्राइवेट कॉलेज की बजाय सरकारी कॉलेज से एमबीए करते हैं तो फीस बहुत कम होती है। जैसे अगर हम दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनोमिक्स की बात करें तो इसकी 2 साल की एमबीए की फीस 30392 रुपये है।

### ये है बेस्ट प्लेसमेंट कॉलेज

ऐसे में अगर आप गरीब परिवार से भी संबंधित है तो भी आसानी से एमबीए की डिग्री कर सकते हैं। हालांकि एडमिशन लेने के लिए आपको एंट्रेंस टेस्ट पास करना होता है। हर कॉलेज की तरफ से प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाता है तथा प्रवेश परीक्षा को पास करने वाले विद्यार्थियों को ही कॉलेज में दाखिला दिया जाता है। सरकारी कालेजों मे एमबीए की फीस 30,392 से लेकर 400,000 लाख प्रतिवर्ष हो सकती है वही प्राइवेट कॉलेजों मे एमबीए के फीस 300,000 लाख से लेकर 1,300,000 रुपए तक हो सकती है। आईआईएम अहमदाबाद, आईआईएम बंगलोर, आईआईएम कलकत्ता, एफएमएस दिल्ली, आईआईएम इंदौर, आईआईएम लखनऊ, यूबीएस चंडीगढ़ बेस्ट प्लेसमेंट देते हैं।

## एमबीए करने के फायदे

अब अगर हम इस बारे में बात करें कि एमबीए करने के फायदे क्या मिलते हैं तो एक अच्छे करियर ऑप्शन के साथ-साथ इसमें आपको बढ़िया सैलरी पैकेज में मिलता है। इन दिनों युवाओं में एमबीए को लेकर काफी क्रेज है। हर कोई इसे अपने करियर ऑप्शन के रूप में सेलेक्ट कर रहा है। एमबीए ऐसी डिग्री है जिसकी दुनिया के करीबन प्रत्येक यूनिवर्सिटी में है। आईआईएम से एमबीए कोर्स करने के लिए कैट यानी कॉमन एडमिशन टेस्ट की परीक्षा पास करनी होती है। इसके अतिरिक्त जैट और मैट एग्जाम पास करके भी विभिन्न मैनेजमेंट कॉलेजों में एडमिशन लिया जा सकता है। इसके अलावा कई यूनिवर्सिटी और मैनेजमेंट कॉलेज ऐसे भी हैं जो अपना एंट्रेंस एग्जाम स्वयं आयोजित करते हैं।

### अच्छा सैलरी पैकेज मिलता

एमबीए की डिग्री प्राप्त करने के बाद करियर के कई विकल्प खुल जाते हैं इसके साथ में हाई सैलरी पैकेज वाली जॉब भी मिलती है। एमबीए करके आप किसी भी कंपनी के सीईओ तक की पोस्ट तक पहुंच सकते है। सीईओ की पोस्ट हाई पेड़िंग जॉब है। आईआईएम से एमबीए करने वाले स्टूडेंट्स का प्लेसमेंट एक करोड़ तक की सैलरी पैकेज पर हो जाता है।

### स्किल में वृद्धि होती

एमबीए करने के बाद आपकी स्किल्स में वृद्धि होती है। आपके अंदर किसी भी काम को करने के लिए नई-नई स्किल आती है। ऐसे मैं आपके अंदर आइडिया आते हैं कि आप किसी काम को कितने तरीकों से कर सकते हैं। आप स्मार्ट तरीके से सोचने लगते हैं। इससे आप मार्केटिंग स्ट्रेटजी तेजी से तैयार कर सकते हैं। जो कि जॉब या अपने बिजनेस, दोनों में काफी काम आती है।

## खुद का स्टार्टअप शुरू कर सकते

एमबीए करने के बाद स्टूडेंट्स जॉब करने की अपेक्षा अपने स्टार्टअप भी शुरू कर सकते हैं। इस कोर्स के बाद आपको मैनेजमेंट की समझ हो जाती है। ऐस में आप अपने स्टार्टअप को सफल बना सकते हैं। यही कारण है कि कई मैनेजमेंट ग्रेजुएट पढ़ाई पूरी करके अपना बिजनेस शुरू कर लेते है।

### कम्युनिकेशन स्किल में इजाफा

एमबीए कोर्स के दौरान स्टूडेंट्स की पर्सनॉलिटी डेवलपमेंट पर काफी ध्यान दिया जाता है। इन सबमे कम्युनिकेशन स्किल काफी जरूरी है। अच्छी कम्युनिकेशन स्किल की जरूरत हर फील्ड में होती है। ऐसे में एमबीए कर लेने पर किसी भी फील्ड में फायदा होगा।

### प्रोफेशनल नेटवर्क बना सकते

एमबीए करने के बाद विद्यार्थी लाखों पूर्व छात्रों के वैश्विक नेटवर्क का भाग बन जाते हैं. जिससे आपके नेटवर्क में बढ़ोतरी होती है। इस नेटवर्क में आपकी फील्ड के अतिरिक्त अन्य प्रोफेशनल लोग भी शामिल होते हैं। जिनसे नेटवर्किंग करके अपने करियर को अपेक्षाकृत आसानी से आगे बढ़ाया जा सकता है। इस प्रकार आप के अंदर एक अलग ही आत्मविश्वास होता है।

### जॉब के अवसर बढ़ जाते

एमबीए करने के बाद अभ्यर्थियों के जॉब के अवसर बढ़ जाते हैं। क्योंकि आज के दौर में बहुत सारी कंपनियां एमबीए कैंडिडेंटस को नौकरी पर रखती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि उनके पास मैनेजमेंट से लेकर बिजनेस की समझ काफ़ी अच्छी होती है।

### एमबीए करने से ग्लोबल मार्केट की समझ हो जाती

एमबीए की पढ़ाई करने वाले छात्रों की ग्लोबल मार्केट को लेकर समझ बढ़ जाती है। एमबीए स्टूडेंट्स प्रोफेसरों से सीखने के अतिरिक्त अन्य देशों की अर्थव्यवस्था के बारे में भी समझ विकसित करते है। इस प्रकार उन्हें हर देश की अर्थव्यवस्था के बारे में जानकारी होती है। यह उसे कंपनी के लिए काफी लाभदायक हो सकता है जिसमें वह नौकरी कर रहे हैं।

---

तेजी से बदल रही दुनिया में रोजगार नए अवसर प्रदान कर रहा

# एआई अवसरों का नया द्वार, युवाओं के करियर को दे रहा नई उड़ान



विपुल शर्मा

मोटिवेशनल स्पीकर

तेजी से बदल रही दुनिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) हर क्षेत्र की जरूरत बनता जा रहा है। यह हर काम को जहां बेहद आसान बना रहा है, वहीं युवाओं के लिए रोजगार के क्षेत्र में भी नए द्वारा खोल रहा है। इससे युवा अपने करियर को नई उड़ान भर रहे हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अब सिर्फ़ टेक्नोलॉजी का हिस्सा नहीं रहा, बल्की अब यह हर क्षेत्र की जरूरत बनता जा रहा है। स्वास्थ्य, टेक, शिक्षा, साइंस और बड़ी बड़ी कंपनियां चाहे जो भी हर जगह एआई की डिमांड है। देश दुनिया के लाखों करोड़ों युवा भी अब एआई को लेकर गंभीर हैं और इस क्षेत्र में लगातार दक्षता हासिल कर रहे हैं। आज की दुनिया बड़ी तेज़ी के साथ बदल रही है। पहले जो काम सालों में होता था, अब महीनों में हो जाता है। जो महीनों में होता था वह अब सप्ताह या कुछ ही दिनों में हो रहा है, जबकि एक दिन में होने वाला काम महज कुछ घंटों या सेकंडों में हो रहा है। इस बदलाव के पीछे सबसे बड़ी ताक़त है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई। अब एआई तकनीसे रोबोट जटिल से जटिल सर्जरी तक कर रहे हैं।

**देश दुनिया के लाखों करोड़ों युवा अब एआई को लेकर गंभीर**

## हर क्षेत्र में बढ़ती जा रही भूमिका

एआई की भूमिका हर क्षेत्र में लगातार बढ़ती जा रही है। हर देश अपने स्वदेशी उपकरणों को और आधुनिक बनाने के लिए इस तकनीक का प्रयोग कर रहा है। एआई हर क्षेत्र में नित नए कीर्तिमान रच रही है और रोजगार के नए नए अवसर पैदा कर रही है। ऐसे में युवा शक्ति इस तकनी को अपनाकर अपना करियर किसी भी क्षेत्र में चमका शक्ति है। एआई 10वीं और 12वीं पास छात्रों के लिए भी वरदान साबित हो रही है। यह विभिन्न क्षेत्रों में कोर्स के मौके देकर छात्रों के लिए भविष्य के नए द्वार खोल रही है। इससे छात्र भी नए नए इनोवेशन के जरिये अपने करियर को बेहतर बना रहे हैं।

## लगभग हर क्षेत्र में आ रहा काम



**बन रहा समय की जरूरत**

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिर्फ़ टेक्नोलॉजी का हिस्सा ही नहीं, अब बन रहा जरूरत**

## पढ़ाई और करियर में एआई की भूमिका

आज के विद्यार्थी सिर्फ किताबों तक सीमित ही नहीं हैं। वे एआई की मदद से वे ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म पर नई-नई स्किल्स सीख सकते हैं। चैटबॉट्स, वर्चुअल क्लासरूम और स्मार्ट लर्निंग टूल्स पढ़ाई को और आसान बना रहे हैं। मशीन लर्निंग, ब्लॉकचेन, डेटा साइंस, क्लाउड कंप्यूटिंग, और वेब डेवलपमेंट जैसी तकनीकें एआई के जरिये और आसान हो रही हैं। ये केवल भारत में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में बदलाव की क्रांति ला रही हैं। इससे युवाओं को बेहतरीन अवसर मिल रहे हैं।

## रोजगार के नए अवसर

आज से 10 साल पहले शायद ही किसी ने सोचा होगा कि डेटा साइंटिस्ट, मशीन लर्निंग इंजीनियर या एआई एथिक्स ऑफिसर जैसे पद होंगे। लेकिन अब ये युवाओं के लिए सबसे चर्चित करियर बन चुके हैं। युवाओं के लिए यह मौका है कि वे सिर्फ़ पारंपरिक नौकरियों पर न रुकें, बल्कि भविष्य की नौकरियों के लिए खुद को तैयार करें। इस क्षेत्र में अपार संभावनाएं है और छात्रों के लिए बेहतरीन मौके। एआई के जरिये सिर्फ कीबोर्ड से घर बैठकर भी पैसा कमाना आसान बन रहा है।

### स्किल्स ही सबसे बड़ा हथियार

डिजिटल दुनिया के लिए डिग्री ज़रूरी है, लेकिन अब सिर्फ डिग्री से नौकरी मिलना मुश्किल है। एआई के इस युग में प्रोग्रामिंग, डेटा एनालिसिस, डिजिटल मार्केटिंग, साइबर सिक्योरिटी जैसी स्किल्स आपको भीड़ से अलग पहचान दिला सकती हैं। ऐसे क्षेत्रों में आप एआई के कोर्स कर अपने भविष्य को संवार सकते हैं।




**चैटबॉट्स, वर्चुअल क्लासरूम और स्मार्ट लर्निंग टूल्स पढ़ाई को बना रहे आसान**

## डर नहीं, दोस्त बनाइए

देखने में आया कि कुछ लोग कहते हैं कि एआई नौकरियां छीन लेगा। लेकिन सच्चाई यह है कि एआई उन लोगों की मदद करेगा जो नई स्किल्स सीखेंगे। यानी, एआई से डरने की जगह हमें इसे अपना दोस्त बनाना चाहिए। जब आप एआई को अपना दोस्त बना लेंगे तो आपके करियर और भविष्य को चमकने से कोई नहीं रोक सकता।

## युवाओं के लिए सुनहरा अवसर

- युवाओं के लिए आई एक सुनहरा अवसर है। यह उन्हें न सिर्फ़ करियर की नई दिशा देगा, बल्कि दुनिया को बदलने का मौका भी देगा। इसलिए आज से ही तय कीजिए कि आप एआई को एक डर की तरह नहीं, बल्कि अवसर के नए द्वार की तरह अपनाएंगे और अपने भविष्य को सुरद्धक्षित बनाएंगे। यह छात्रों के करियर में चार चांद लगाएगा और आपको टेक्नीकली रूप ये मजबूत बनाएगा। नौकरी की नई राह खुलेगी।

## एआई कोर्स करने के लिए टॉप संस्थान

1. **IIT** बॉम्बे – **AI** व डेटा साइंस
2. **IIT** दिल्ली – मशीन लर्निंग व डीप लर्निंग
3. **IIT** मद्रास – **B.Sc. Data Science & AI** (ऑनलाइन/ऑफलाइन)
4. **IIT** हैदराबाद – **AI** में विशेष **M.Tech** प्रोग्राम
5. **IISc** बैंगलोर – कंप्यूटर साइंस व मशीन इंटेलिजेंस
6. **IIIT** हैदराबाद – डेटा साइंस व रोबोटिक्स
7. **IIIT** बेंगलुरु – **AI** व मशीन लर्निंग सर्टिफ़िकेशन
8. **IIM** बेंगलुरु/अहमदाबाद – **AI** व बिज़नेस एनालिटिक्स (मैनेजमेंट दृष्टिकोण से)
9. **CDAC** (**Centre for Development of Advanced Computing**) – **AI** व एडवांस्ड कंप्यूटिंग डिप्लोमा
10. **JNU** व दिल्ली यूनिवर्सिटी – डेटा साइंस व **AI** संबंधित **M.Sc./Diploma**

### यहां से करें डिग्री/डिप्लोमा

- **B.Tech./B.Sc. in AI/Data Science/Computer Science** – 4 साल
- **M.Tech./M.Sc. in AI/Machine Learning** – 2 साल
- **PG Diploma in AI/ML** (**CDAC, IITs, IIITs**) – 1 साल
- **Certificate Courses** (**Coursera, NPTEL, Udemy, EdX**) – 3 से 6 महीने

### यह मिल सकती है सैलरी

- (**Fresher**): 6–10 लाख प्रति वर्ष (**AI** इंजीनियर, डेटा साइंटिस्ट)
- **Mid-Level** (5–8 साल): 15–25 लाख प्रति वर्ष
- **Senior Roles** (10+ साल): 30–50 लाख+ (**AI Architect, Research Scientist**)

---

# छात्र नई तकनीक सीखें, सोशल मीडिया पर समय न करें बर्बाद



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

भारत एक ऐसा देश जहां युवा आबादी की संख्या दुनिया में सबसे अधिक है। यह हमारी सबसे बड़ी ताकत है। आज का युवा न केवल भारत का भविष्य है, बल्कि वैश्विक मंच पर भी अपनी छाप छोड़ने की क्षमता रखता है। लेकिन इस ऊर्जा और अवसरों को सही दिशा में लगाना जरूरी है। आज के दौर में, जहां सोशल मीडिया और डिजिटल दुनिया हमारा ध्यान खींचती है, हमें यह समझना होगा कि समय का सही उपयोग और नई तकनीकों को सीखना ही हमें आगे ले जाएगा। सोशल मीडिया ने हमें एक-दूसरे से जोड़ा है, जानकारी साझा करने का एक आसान तरीका दिया है, लेकिन क्या हम इसका उपयोग सही तरीके से कर रहे हैं? घंटों स्क्रॉल करना, रील्स देखना, या बिना उद्देश्य के चैटिंग करना हमें तात्कालिक खुशी तो दे सकता है, लेकिन यह हमारा समय चुरा लेता है।

## यूट्यूब पर तकनीकी ट्यूटोरियल्स देखें

वह समय, जो हम नई तकनीक सीखने, अपने कौशल को निखारने और अपने करियर को मजबूत करने में लगा सकते हैं। सोशल मीडिया का उपयोग करें, लेकिन सीमित और स्मार्ट तरीके से। इसे अपने ज्ञान को बढ़ाने, नई तकनीकों के बारे में जानने और प्रेरणा लेने का जरिया बनाएं। उदाहरण के लिए, यूट्यूब पर तकनीकी ट्यूटोरियल्स देखें, लिंक्डइन पर प्रोफेशनल्स से सीखें, या एक्स पर विशेषज्ञों की पोस्ट पढ़ें।

**नई तकनीक**: भविष्य का आधार

आज का युग तकनीक का युग है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, ब्लॉकचेन, डेटासाइंस, क्लाउडकंप्यूटिंग, और वेबडेवलपमेंट जैसी तकनीकें न केवल भारत में, बल्कि पूरी दुनिया में क्रांति ला रही हैं। भारत में स्टार्टअप्स और टेक कंपनियां इन क्षेत्रों में तेजी से बढ़ रही हैं, और वे युवाओं को अवसर प्रदान कर रही हैं। लेकिन इन अवसरों को हासिल करने के लिए हमें तैयार रहना होगा। तकनीक सीखना न केवल आपको नौकरी के लिए तैयार करता है, बल्कि यह आपको आत्मनिर्भर और नवाचार करने वाला बनाता है। चाहे आप कोडिंग सीखें, डेटा विश्लेषण करें, या साइबर सिक्योरिटी में महारत हासिल करें, ये कौशल आपको वैश्विक मंच पर प्रतिस्पर्धी बनाएंगे।

**कौशल क्यों महत्वपूर्ण हैं?** : भारत में 65% से अधिक आबादी 35 वर्ष से कम आयु की है। यह युवा शक्ति हमारा सबसे बड़ा संसाधन है। लेकिन बिना कौशल के यह शक्ति अधूरी है। आज की नौकरियां डिग्री से ज्यादा कौशल पर निर्भर करती हैं। टेक कंपनियां ऐसे लोगों की तलाश में हैं जो प्रोग्रामिंग, डिजाइनिंग, डेटाएनालिसिस, या डिजिटलमार्केटिंग जैसे क्षेत्रों में पारंगत हों।

**उदाहरण के लिए: कोडिंग**: पायथन, जावा, या जावास्क्रिप्ट सीखने से आप सॉफ्टवेयरडेवलपमेंट में करियर बना सकते हैं।

**डेटासाइंस**: डेटा विश्लेषण और मशीन लर्निंग की मांग हर उद्योग में बढ़ रही है।

**डिजिटलमार्केटिंग**: सोशल मीडिया का सही उपयोग करके आप ब्रांड्स के लिए ऑनलाइन उपस्थिति बढ़ा सकते हैं।

**साइबर सिक्योरिटी**: डिजिटल दुनिया को सुरक्षित रखने की जरूरत आज पहले से कहीं ज्यादा है। ये कौशल न केवल आपको नौकरी दिला सकते हैं, बल्कि फ्रीलांसिंग, स्टार्टअप शुरू करने, या स्वरोजगार के अवसर भी प्रदान करते हैं।

## समय का सही उपयोग कैसे करें ?

**लक्ष्य स्पष्ट करें**: आप किस क्षेत्र में जाना चाहते हैं? **AI**, वेबडेवलपमेंट, या कोई और तकनीक? अपने लक्ष्य को स्पष्ट करें।

**ऑनलाइन संसाधनों का उपयोग करें**: कोर्सेरा, उडेमी, यूट्यूब, और फ्रीकोडकैंप जैसे मुफ्त संसाधन उपलब्ध हैं। इनसे नई तकनीक सीखें।

**समय प्रबंधन**: रोजाना 1-2 घंटे तकनीक सीखने के लिए निकालें। सोशल मीडिया पर बिताने वाला समय कम करें।

**प्रोजेक्ट बनाएं**: जो सीखा, उसे लागू करें। छोटे-छोटे प्रोजेक्ट बनाकर अपने कौशल को परखें।

**नेटवर्किंग**: लिंक्डइन और एक्स जैसे प्लेटफॉर्म पर तकनीकी विशेषज्ञों से जुड़ें और उनसे सीखें।

**भारत के युवा**: दुनिया को बदलने की ताकत भारत के युवा न केवल अपने देश के लिए, बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक प्रेरणा बन सकते हैं। गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, और अमेजन जैसी कंपनियों के सीईओ से लेकर स्टार्टअप्स के संस्थापक तक, भारतीय युवा हर जगह अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं। लेकिन यह सफलता मेहनत, अनुशासन, और कौशल से मिलती है। सोशल मीडिया पर समय बर्बाद करने के बजाय, अपने समय को निवेश करें। हर दिन कुछ नया सीखें, अपने कौशल को निखारें, और भारत को तकनीकी दुनिया का नेतृत्व करने में मदद करें। यह आपका समय है, इसे बर्बाद न करें इसे बनाएं!

**आज से शुरुआत करें, क्योंकि आपका भविष्य आपके हाथों में है**

## सामान्य ज्ञान

**1.** हड़प्पावासी किस वस्तु के उत्पादन में सर्वप्रथम थे?
(ए) मुद्राएं (बी) कांसे के औजार
(सी) कपास (डी) जौ

**2.** निम्नलिखित विद्वानों में से हड़प्पा सभ्यता का सर्वप्रथम खोजकर्ता कौन था ?
(ए) सर जॉन मार्शल
(बी) आर. डी. बनर्जी
(सी) ए० कनिंघम
(डी) दयाराम सहनी

**3.** सिंधु सभ्यता का पत्तननगर (बंदरगाह) कौन-सा था ?
(ए) कालीबंगन (बी) लोथल
(सी) रोपड़ (डी) मोहनजोदड़ो

**4.** पैमानों की खोज ने यह सिद्ध कर दिया है कि सिंधु घाटी के लोग माप और तौल से परिचित थे। यह खोज कहाँ पर हुई ?
(ए)कालीबंगन (बी)हड़प्पा
(सी)चहुदड़ी (डी)लोथल

**5.** हड़प्पाकालीन समाज किन वर्गों में विभक्त था ?
(ए)शिकारी, पुजारी, किसान, क्षत्रिय
(बी)विद्वान, योद्धा, व्यापारी, श्रमिक
(सी)ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र
(डी) राजा, पुरोहित, सैनिक, शूद्र

**6.** सिंधु सभ्यता का सर्वाधिक उपयुक्त नाम क्या है?
(ए) हड़प्पा सभ्यता
(बी) सिंधु सभ्यता
(सी) सिंधु घाटी सभ्यता
(डी) इनमें से कोई नहीं

**7.** हड़प्पा सभ्यता की खोज किस वर्ष में हुई थी ?
(ए)1935 ई. (बी)1942 ई.
(सी)1901 ई. (डी)1921 ई.

**8.** हड़प्पा सभ्यता के बारे में कौन-सी उक्ति सही है ?
(ए) उन्हें अश्वमेध का जानकारी थी
(बी) गाय उनके लिए पवित्र थी
(सी) उन्होंने पशुपति का सम्मान करना आरंभ किया
(डी) उनकी संस्कृति सामान्यत: स्थिर नहीं थी।

**9.** हड़प्पा के लोगों की सामाजिक पद्धति...... थी
(ए) उचित समतावादी
(बी) दास-श्रमिक आधारित
(सी) वर्ण आधारित
(डी) जाति आधारित

उत्तर 1.(सी) 2.(डी) 3.(बी) 4.(डी) 5.(बी) 6.(ए) 7.(डी) 8. (सी) 9. (ए)

## खबर संक्षेप

### नवरात्रि उत्सव में गोदांबा माता की सवारी निकाली

**हिसार।** दक्षिण भारतीय शैली में निर्मित श्री तिरुपति बालाजी धाम में नवरात्रि उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। इसके तहत अलग-अलग दिन चंद्रदर्शन, श्री सुदर्शन व श्री लक्ष्मी नृसिंह का तिरुमंजन व भगवान वेंकटेश का अभिषेक किया गया। इसी कड़ी में पूरे विधि विधान से माता गोदांबा की सवारी शोभा यात्रा भी निकाली गई। तिरुपति धाम में विधि स्वरूप माता गोदांबा की पूजा व आराधना की।

### धूमधाम से मनाया गया नव संन्यास उत्सव

**हिसार।** ओशो ध्यान उपवन में चल रहे छह दिवसीय शिव शक्ति ध्यान शिविर के दौरान नव संन्यास उत्सव व दीक्षा समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। सतगुरु ओशो द्वारा 26 सितंबर 1970 को मनाली में नव संन्यास की परंपरा शुरू की गई। शिविर के चौथे दिन ओशो के छोटे भाई स्वामी शैलेंद्र सरस्वती व मां अमृत प्रिया ने नव संन्यास की वर्षगांठ मनाते हुए साधकों को दीक्षा दी।

### फूड टेक्नोलॉजी के छात्रों ने किया औद्योगिक भ्रमण

**आदमपुर।** राजकीय बहुतकनीकी संस्थान के फूड टेक्नोलॉजी विभाग के तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों को करनाल स्थित चमन सेतिया राइस मिल का शैक्षणिक भ्रमण किया। भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्रों को खाद्य प्रसंस्करण विशेष रूप से चावल के प्रसंस्करण की औद्योगिक प्रक्रियाओं की प्रत्यक्ष जानकारी देना था। छात्रों को राइस मिल के प्रबंधन द्वारा धान की खरीद और भंडारण, प्राथमिक और द्वितीयक सफाई, छिलका हटाना, पॉलिशिंग व ग्रेडिंग, क्वालिटी कंट्रोल, ब्रांडिंग एवं उपभोक्ता वितरण प्रणाली के बारे में बताया।

### महिला महाविद्यालय में एनएसएस शिविर संपन्न

**हिसार।** राजकीय महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई-I एवं इकाई-II की ओर से एनएसएस शिविर महाविद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। शिविर की शुरुआत स्वच्छता अभियान से हुई, जिसमें एनएसएस स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर के पार्कों की सफाई की। राष्ट्रीय सेवा योजना और रेड क्रॉस और रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान से और यूपीएसी ऋषि नगर की टीम के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें छात्राओं के हीमोग्लोबिन स्तर की जांच की गई।

### भजन पार्टियों ने ग्रामीणों को किया जागरूक

**हिसार।** सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की ओर से जिलेभर में विशेष जन जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसके तहत विभागीय एवं सूचीबद्ध पार्टियां गांव-गांव जाकर सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं और अभियानों की जानकारी आमजन तक पहुंचा रही हैं। सूचीबद्ध पार्टियों ने चौधरीवास, पनिहार चक, दूबेटा तथा बाडो ब्राह्मणान में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं।

## विद्युत नगर में श्री बद्री-केदार रामलीला में सीता स्वयंवर का मंचन

# श्रीराम ने शिव धनुष तोड़ा तो आग-बबूला हुए परशुराम

**गुरु विश्वामित्र के आदेश पर श्रीराम ने धनुष को सहजता से उठाया और तोड़ दिया**

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार**

विद्युत नगर में श्री बद्री-केदार रामलीला और स्वामी देवेन्द्र बृजवासी महाराज, वृन्दावन धाम, मथुरा के तत्वाधान में चौथे दिन मंचन में कलाकारों ने सीता स्वयंवर मंचन की प्रस्तुति दी। मंचन में कलाकारों ने राजा जनक द्वारा आयोजित सीता स्वयंवर में एक और सिंहासन सजा था।

**लक्ष्मण के बीच में बोलते ही परशुराम का क्रोध और बढ़ गया**

दूसरी ओर विशाल धनुष रखा गया था। विभिन्न राजाओं और राजकुमारों ने धनुष उठाने का प्रयास किया लेकिन कोई भी धनुष को हिला तक नहीं पाया। राजा जनक ने निराश होकर कहा कि क्या यह पृथ्वी वीरों से खाली हो गई है? इस पर सभा में सन्नाटा छा गया। गुरु विश्वामित्र के आदेश पर श्रीराम ने धनुष को सहजता से उठाया और तोड़ दिया। यह देख परशुराम आग बबूला हो गए और क्रोधित होकर जनकपुरी पहुंच गए।

स्वयंबर में आए राजाओं की ओर दृष्टि डाली तो सब कांप उठे। शिव के धनुष को टूटा देख उन्होंने राजा जनक पर क्रोधित हुए इस बीच लक्ष्मण के बीच में बोलते ही परशुराम का क्रोध और बढ़ गया और फिर दोनो के बीच जमकर संवाद हुआ। यह देखते ही दर्शक उत्साहित हो उठे। इस अवसर मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में व्यवसायी राकेश शर्मा ने शिरकत की और अध्यक्षता गढ़वाल सभा के प्रधान विनोद सिंह रावत, संरक्षक गजेंद्र गुसाईं एवं नवीन बडोला, डब्बल सिंह रावत, राजेसिंह रावत, रमेश गुसाईं ने की।



हिसार। रामलीला का मंचन करते कलाकार। फोटो : हरिभूमि



हिसार। मुलतानी चौक पार्क में आरती करते समाजसेवी विकास ठकराल व अन्य।

### राम ने तोड़ा शिव धनुष, सीता से हुआ विवाह

**हिसार।** श्रीनृसिंह प्रह्लाद रामलीला दशहरा सभा, मुलतानी चौक की ओर से मुलतानी चौक पार्क में बड़े पर्दे पर चल रही रामलीला के चतुर्थ दिवस राम-लक्ष्मण का जनकपुरी प्रस्थान दिखाया गया। लीला का शुभारंभ समाजसेवी विकास ठकराल व मनोज रहेजा ने सपत्नीक राम दरबार में आरती करके किया। रामलीला सभा की ओर से सभा के प्रधान सुरेश कक्कड़, महासचिव ओमप्रकाश असीजा, कोषाध्यक्ष भीमसैन नारंग व अन्य सदस्यों ने अतिथियों को पटका पहनाकर व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। रामलीला में दिखाया गया कि जनकपुरी के दरबार में राजा जनक ने अपनी पुत्री सीता के लिए स्वयंवर रखा हुआ था। उन्होंने घोषणा की थी कि जो कोई बलशाली शिव धनुष को तोड़ देगा, सीता का उसी के साथ विवाह कर दिया जाएगा। अपने गुरु से आज्ञा पाकर श्रीराम उठ खड़े हुए और पल भर में शिव धनुष को तोड़ दिया। इस पर श्रीराम का सीता से विवाह कराया गया। विवाह उपरांत श्रीराम, सीता व लक्ष्मण सहित अयोध्या को लौट गए।



नारनौंद। लोहारी राघो रामलीला में सीता स्वयंवर का मंचन करते कलाकार।

### 'ताड़का वध' नए अनोखे अंदाज में देखकर दर्शक हुए रोमांचित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद**

लोहारी राघो में श्री रामा रामलीला क्लब द्वारा आयोजित ऐतिहासिक रामलीला में ताड़का वध व सीता स्वयंवर का मंचन आकर्षण का केंद्र रहा। इस दृश्य में ताड़का के अभिनय में युवा कलाकार ने बिल्कुल नए व अनोखे अंदाज में अभिनय कर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। भगवान शिव के दिव्य धनुष को तोड़कर भगवान श्री राम माता सीता के साथ परिणय सूत्र में बंधे। दर्शकों ने सीता सव्यंवर का भी भरपूर लुत्फ उठाया। बतौर मुख्यातिथि पधारे रविंद्र वधवा उर्फ टीटू का क्लब द्वारा स्वागत किया गया। क्लब प्रबंधन ने मुख्यातिथि को स्मृति चिह्न के रुप में गदा भेंट कर सम्मानित किया।

**श्री रामा रामलीला क्लब द्वारा मुख्यातिथि रविंद्र वधवा उर्फ टीटू को गदा भेंट कर किया सम्मानित**

इस अवसर पर अति विशिष्ट अतिथियों राजू वधवा,मदन भ्याना, रवि मलिक नंबरदार मुनीष भ्याना व सुभाष चावला का भी स्वागत किया गया। इस अवसर पर श्री रामा कल्ब के प्रधान सेवक गुलशन भ्याना, मुनीष चराया, रामप्रकाश उर्फ टीटी, पुष्कर भ्याना, वेद प्रकाश चांदना, कैशियर जयपाल बिल्लु,डॉ. जिंदर मुंडा, गोपी राम, डॉक्टर भूषण,मास्टर सूबे, इंद्रजीत तनेजा, रवि कम्बोज समेत गाँव के अनेक गणमान्यजन तथा भारी तादाद में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## छात्रा काफी की पेंटिंग रही प्रथम

- नारनौंद मॉडल स्कूल में स्वच्छ भारत-विकसित भारत थीम पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद**

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में खंड स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें ब्लॉक के अनेक स्कूलों ने हिस्सा लिया। इस दौरान प्रतियोगिता का विषय स्वच्छ भारत - विकसित भारत थीम पर रखा गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य जितेंद्र सोनी ने बच्चों को सम्बोधित करके किया।

विद्यालय के अध्यापक डॉ अजय लोहान ने बताया कि स्वच्छ भारत - विकसित भारत पर आयोजित खण्ड स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता में कक्षा 9 से 12 के सरकारी स्कूलों के छात्रों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कापड़ो की काफी ने प्रथम व कापड़ो की ही किरण ने दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं राजकीय मॉडल स्कूल की छात्रा तमन्ना ने तीसरा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के सभी विजेता बच्चे रविवार को हिसार के गंगवा स्कूल में आयोजित होने वाली जिला स्तरीय प्रतियोगिया में हिस्सा लेंगे। इस दौरान निर्णायक मंडल में मीनू, अंजू, शारदा व सुमन शामिल थे। इस अवसर पर धर्मेंद्र कौशिक, राममोहन, अश्वनी सैनी, शारदा, डॉ राजेश कुमार आदि मौजूद थे।



नारनौंद। पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए अध्यापकगण। फोटो : हरिभूमि

### शिविर में महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच

**नारनौंद।** गांव मिर्चपुर की सीएससी में सशक्त नारी स्वस्थ परिवार कार्यक्रम के तहत मेडिकल कैंप का आयोजित किया गया।

कैंप का शुभारंभ भाजपा के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी शमशेर खरक ने किया। मिर्चपुर सीएचसी के एसएमओ डॉ. विक्रम गोरिया व डॉ. अंजू दलाल ने बताया कि कैंप में अग्रोहा मेडिकल से अनुभवी डॉक्टरों की टीम यहां पर पहुंची है। मेडिकल कैंप में महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच करके उनकी टेस्ट किए गए और सभी महिलाओं को मुफ्त में दवाइयां भी वितरित की गई।

इस अवसर पर सरपंच अशोक ढांडा, मंडल प्रधान महावीर श्योराण, शिव कुमार, डॉ. अंजू दलाल, डॉ. योगेश, डाक्टर जगदीप मान, शमशेर, प्रदीप पानू, अफसाना कोथ, संतोष नाड़ा,विजय पाल, पवन जांगड़ा आदि मौजूद थे।

## प्रभु नाम नहीं तो जीना क्या...

- आर्य समाज, मॉडल टाउन के वार्षिकोत्सव का तीसरा दिन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार**

आर्य समाज, मॉडल टाउन के 73वें वार्षिकोत्सव के तीसरे दिन सुबह यज्ञ किया गया। यज्ञ में अरविंद बंसल, सुरेश गर्ग, दीपक भंडारी व मांगेराम आर्य सपत्नीक यजमान बने। यजमानों व उपस्थित लोगों ने आहुतियां डाली।

यज्ञ के ब्रह्मा व आर्य समाज के आचार्य सूर्यदेव वेदांशु ने प्रभु नाम नहीं तो जीना क्या, प्रभु नाम नहीं तो जीना क्या, अमृत है प्रभु नाम जगत में, इसे छोड़ विषय विष पीना क्या, .. .. भजन सुनाकर यजमानों को आशीर्वाद दिया। यज्ञ उपरांत भजन, प्रवचन व सत्संग का आयोजन किया गया। मुजफ्फरनगर से पधारे मुख्य प्रवक्ता आचार्य योगेश भारद्वाज ने अपने संबोधन में कहा कि चींटी के पग नेहर बांधे, फिर भी साहब सुनता है। कोई चींटी के पैर में घुंघरू बांध दे, भगवान उस आवाज को भी सुनता है, क्यों कि वह सर्वशक्तिमान, सर्वांतर्यामी, सर्वज्ञ, सर्वव्यापक है, उसकी क्षमताओं का कोई अंत नहीं है। आओ हम उस घट-घट वासी की उपासना करें। भजनोपदेशक पण्डित नरेश निर्मल ने ओम के ध्वज के तले, सृष्टि ये क्रम से चले, .. भजन सुनाकर कहा ईश्वर का इस ब्रह्मांड में एक छत्र शासन चलता है। इस अवसर पर जगदीश प्रसाद आर्य, रामकुमार रावलवासिया, पवन रावलवासिया, वीरेंद्र आर्य, रामपाल आर्य, आनंद गर्ग, आदि मौजूद रहे।



हिसार। आर्य समाज, माडल टाऊन के वार्षिकोत्सव में प्रवचन देते आचार्य योगेश भारद्वाज व उपस्थित श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

## प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में लोकेश व हर्ष रहे प्रथम



**हिसार।** छाजूराम मेमोरियल जाट कॉलेज की लीगल लिटरेसी प्रकोष्ठ ने राइट टू नो दिवस के अवसर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया। प्रतियोगिता का आयोजन जिला लीगल सर्विसेज अथॉरिटी हिसार के निर्देशानुसार करवाया गया। प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ कृष्ण लाल ने बताया कि प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में स्क्रीनिंग के उपरांत 5 टीमों ने मुख्य चरण में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में लोकेश एवं हर्ष पूनिया ने प्रथम स्थान, वंशिका एवं कमलदीप ने दूसरा स्थान तथा तुषार पूनिया एवं प्रभजोत सिंह ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ कपेन्द्र सिंह ने प्रतिभागियों की हौसला अफजाई की तथा उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। डॉ चेतना ढुल तथा डॉ मोनिका बिश्नोई ने क्विज मास्टर की भूमिका निभाई। इस अवसर पर डॉ परविन्दर दलाल तथा डॉ नेहा डांगी भी मौजूद रहे।

## बाढ़ प्रभावित लोगों को पंजाब की तर्ज पर मुआवजा राशि दी जाए : राजेन्द्र

- आम आदमी पार्टी ने उपायुक्त कार्यालय प्रतिनिधि को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार**

आम आदमी पार्टी ने हरियाणा सरकार से मांग की है कि पंजाब सरकार की तर्ज पर बाढ़ प्रभावित लोगों को मुआवजा दिया जाएं। पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेंद्र सोरखी के नेतृत्व में जिला उपायुक्त कार्यालय में कार्यालय प्रतिनिधि को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर कहा है कि हाल में हरियाणा के विभिन्न क्षेत्रों में आई भीषण बाढ़ से हुए व्यापक नुकसान हुआ है। इस प्राकृतिक आपदा ने हजारों परिवारों, विशेष रुप से किसानों और ग्रामीण समुदायों को गंभीर रुप से प्रभावित किया है। उनकी आजीविका, फसलें, घर और पशुधन को भारी क्षति पहुंची है। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष राजेंद्र सोरखी, हिसार प्रभारी अनिल रंगा, प्रदेश उपाध्यक्ष रणबीर लोहान, हिसार लोकसभा अध्यक्ष रामनाथ धुवारिया, अजय शास्त्री, सतबीर झांझडिय़ा, भीमसिंह महेशवाल, उमेश शर्मा, प्रदीप श्योराण, नरेंद्र, हरपाल पूनिया, आदि मौजूद रहे।



हिसार। सीटीएम को ज्ञापन सौंपते आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेंद्र सोरखी व अन्य नेता। फोटो : हरिभूमि

## आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान पर कार्यशाला

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी**

भाजपा हांसी के जिला कार्यालय मे आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान पर एक जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष अशोक सैनी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम मे मुख्य वक्ता के तौर पर भाजपा प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया उपस्थित रहे। कार्यशाला मे प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया ने कार्यकर्ताओं से कहा कि आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान में सांसद से लेकर पंच तक के सभी कार्यकर्ताओं की भूमिका रहने वाली है। 26 सितंबर से लेकर 30 सितंबर तक सभी मंडलों की बैठक हो जानी चाहिए।

**30 सितंबर तक सभी भाजपा मंडलों की बैठक आयोजित करने को कहा**

कार्यशाला मे मंच का संचालन जिला महामंत्री बिजेंदर लोहान ने किया। कार्यशाला मे जिला परिषद अध्यक्ष सोनू डाटा, प्रदेश प्रवक्ता नेहा धवन, पवन शर्मा, राजकुमार पहल, मनीष गोयल व नीरज देवी, जिला महामंत्री, बिजेंदर लोहान, जिला सचिव प्रवीण सैनी, सरला नाडा, ओमपाल यादव, डॉ.. श्री शर्मा, प्रीति सेन, मंजीत जांगड़ा उपस्थित रहे।

## आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस अब केवल एक भविष्यवादी विचार नहीं रहे : प्रो. आर्य

- गुजवि में 'प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका' पर कार्यशाला

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार**

यहां के गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी विभाग के सौजन्य से 'प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संकाय के डीन प्रोफेसर संदीप कुमार आर्य कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यशाला की विशेषज्ञ वक्ता प्रोफेसर टीकेएस लक्ष्मीप्रिय रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष एवं संयोजक डॉ. वंदना गुप्ता ने की। इस अवसर पर कार्यक्रम समन्वयक डॉ. बिजेन्द्र कौशिक उपस्थित रहे।

मुख्य वक्ता प्रो. संदीप कुमार आर्य ने अपने संबोधन में कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस अब केवल एक भविष्यवादी विचार नहीं रह गया है। यह पहले से ही दुनिया भर के उद्योगों में बदलाव ला रहा है और प्रिंटिंग व पैकेजिंग भी इसका अपवाद नहीं है। उन्होंने विद्यार्थियों को नई तकनीकों को सीखने और उद्योग की बदलती जरूरतों के अनुसार खुद को तैयार करने का आह्वान किया। विशेषज्ञ वक्ता प्रोफेसर टीकेएस लक्ष्मीप्रिय ने अपने व्याख्यान में बताया कि किस प्रकार मशीन लर्निंग, मशीन विजन और डेटा एनालिटिक्स जैसी एआई तकनीक प्रिंटिंग और पैकेजिंग उद्योग में डिजाइन को अधिक रचनात्मक, उत्पादन को अधिक कुशल और पैकेजिंग को अधिक उपभोक्ता-अनुकूल बना रही हैं।



हिसार। कार्यशाला का उद्घाटन करते मुख्य वक्ता प्रो. संदीप आर्य। फोटो : हरिभूमि

## टैलेंट हंट प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष का छात्र अर्श प्रथम




- दयानंद कॉलेज में टैलेंट हंट प्रतियोगिता आयोजित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार**

दयानंद कॉलेज में संगीत विभाग की ओर से टैलेंट हंट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता का उद्देश्य महाविद्यालय के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों में छुपे हुए संगीत के टैलेंट को खोजना था। प्रतियोगिता में हमें बहुत से छुपे हुए टैलेंट देखने का मौका मिला। प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल की भूमिका डॉ. विवेक श्रीवास्तव, डॉ. शम्मी नागपाल तथा प्रो. कपिल आर्य ने निभाई। प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष के छात्र अर्श ने प्रथम स्थान, बीए प्रथम वर्ष के छात्र तनुज ने द्वितीय स्थान तथा बीए प्रथम वर्ष की छात्रा दर्शना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

निर्णायक मण्डल के अतिरिक्त इस प्रतियोगिता में संगीत विभाग के अध्यक्ष प्रो. विजय सिंह, डॉ. रेनू राठी, डॉ. विभा कौशिक तथा मैडम भावना भी उपस्थित रही।

### नौ रामायणों के पाठ का भोग डाल भंडारा लगाया

**हिसार।** परमहंस श्रीयोग दरबार ब्रह्मज्ञान मंदिर, शांति नगर में ब्रह्मलीन श्रीश्री 1008 श्रीयोग शब्दानंद महाराज के जन्मोत्सव पर आज सत्संग व भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर 18 सितम्बर को कुटिया मोक्षद्वार पर रखे गये 9 रामायणों के पाठ का भोग डाला गया।

भोग से पूर्व कुटिया मोक्षद्वार, डोगरान मौहल्ला से सभी 9 रामायणों को सिर पर रखकर व श्रद्धालुओं द्वारा रथ को हाथों से खींचकर शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में संत रामानंद के सान्निध्य में सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने ढोल-ढमाकों व बैंड बाजों के साथ भजन-कीर्तन करते हुए व झूमते हुए भाग लिया। शोभा यात्रा के ब्रह्मज्ञान मंदिर के प्रांगण में पहुंचने पर हवन किया गया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने हवन में आहुति डाली। इसके बाद ध्वजारोहण किया।

माननीय न्यायालय श्री डा० अनिल बिढान, तहसीलदार कम साधिकार सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी, हिसार

केस न0. 48/तकसीम
दायरा तिथी 18.03.2023
तारीख पेशी 30.10.2025
केस बानुमान :- प्रदीप आदि बनाम नन्दराम आदि

1. नन्दराम पुत्र संगता पुत्र रणजीत, 2. अनचाई विधवा सुरजा पुत्र संगत सिहँ, 3. पनमेशरी पुत्री सुरजा पुत्र संगत सिहँ, 4. मंगेज विधवा प्रताप सिहँ पुत्र सुरजा, 5. सुभाष पुत्र प्रताप सिहँ पुत्र सुरजा, 6. राय सिहँ पुत्र प्रताप सिहँ पुत्र सुरजा, 7. श्रीमती केसर विधवा भागीरथ पुत्र सुरजा, 8. रतन पुत्र भागीरथ पुत्र सुरजा, 9. श्रीमती कृष्णा पुत्री भागीरथ पुत्र सुरजा, 12. श्रीमती नाथी पुत्री हनुमान सिहँ पुत्र बख्ता सिहँ, 18. अजय कुमार पुत्र ज्ञानीराम पुत्र प्रताप सिहँ, निवासीगण गाँव श्यामसुख, तहसील व जिला हिसार।
..... उत्तरवादीगण

दरखास्त तकसीम अराजी तादादी 299 कनाल 8 मरले मन्दरजा खेवट न०. 299//264 खतौनी न. 484 ता 496, बरूवे जमाबंदी साल 2020-21 वाका मौजा श्यामसुख, तहसील व जिला हिसार।

उपरोक्त केस इस न्यायालय मे दिनांक 30.10.2025 के लिये विचाराधीन है जिसमें उतरवादीगण की तामील साधारण ढंग से होनी संभव ना है। अतः इस इस्तहार अखबार में माध्यम से संबन्धित को सूचित किया जाता है कि उक्त केस बारे सम्बन्धित पक्ष को कोई आपति हो तो वह इस न्यायलय में असालतन या वकालतन उपस्थित होकर अपनी आपति दर्ज करवा सकता है। यदि निश्चित तिथि या इश्तहार अखबार जारी होने की तिथी से आगमी 30 दिन की अवधि तक यदि सम्बन्धित पक्ष द्वारा कोई आपति प्राप्त नही हुई तो उपरोक्त केस का नियमानुसार निपटान कर दिया जावेगा।

यह नोटिस मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायलय मोहर सहित जारी किया गया है।

तहसीलदार साधिकारी
सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी, हिसार

## खबर संक्षेप

### नाबालिगा से होटल में रेप, केस दर्ज

**हिसार।** पुलिस ने शहर एरिया में रहने वाली एक नाबालिग लड़की के साथ होटल में ले जाकर दो बार दुष्कर्म करने के मामले में एक युवक पर केस दर्ज किया है। पीड़िता का कहना है कि वह दसवीं कक्षा में पढती है। करीब 2 साल पहले एक लडका गली में उसके पीछे घूमता था। मैंने उसे नजरअंदाज कर दिया। एक दिन उस लडके ने कहा कि वह उसे पसंद करता है। मैंने मना कर दिया। बाद में दोनों के बीच फोन पर बातें होने लगी और मिलना भी शुरू हो गया। गत 10 जनवरी 2025 को पिज्जा खिलाने के नाम पर वह उसे अपनी स्कूटी पर बैठाकर होटल ले गया और दुष्कर्म किया। पीड़िता का आरोप है कि एक महीने पहले भी आरोपी ने रेप किया था।

### सामान चोरी के मामले में आरोपी काबू

**बरवाला।** पुलिस ने वार्ड नंबर 18 बरवाला स्थित मकान से पीतल के बर्तनों सहित सामान चोरी के मामले में आरोपी वार्ड नंबर 8 बरवाला निवासी मनोज उर्फ मोगली को गिरफ्तार किया गया है। मुख्य सिपाही कुलदीप ने बताया कि पुलिस ने गिरफ्तार किए गए इस आरोपी मनोज उर्फ मोगली को हिसार अदालत में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने आरोपी मनोज उर्फ मोगली से चोरीशुदा पीतल के बर्तन भी बरामद कर लिए गए है। उल्लेखनीय है कि वार्ड नंबर 18 बरवाला निवासी मनोज ने 1 सितंबर को घर से पीतल के बर्तनों सहित सामान व नकदी चोरी होने के बारे शिकायत दी थी।

### मोटरसाइकिल चोरी के मामले में दो काबू

**हिसार।** शहर पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें स्याहड़वा निवासी वीरेंद्र व पवन शामिल हैं। मुख्य सिपाही रेणु ने बताया कि लुदास निवासी अजय ने जिंदल पार्क के पास से मोटरसाइकिल चोरी होने के बारे में शहर थाना में शिकायत दी थी। उसने बताया कि 24 सितंबर की शाम को वह जिंदल पार्क के नजदीक फास्ट फूड खाने गया था। खाने उपरांत बाहर आया तो मोटरसाइकिल वहां नहीं मिला। पुलिस ने केस दर्ज करके छानबीन करते हुए उपरोक्त दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों से चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद की है। उन्हें पूछताछ के बाद अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### नकदी व आभूषण चोरी के मामले में आरोपी रिमांड पर

**हिसार।** अग्रोहा थाना पुलिस ने गांव नंगथला स्थित मकान और दुकान से नकदी व आभूषण चोरी के मामले में एक आरोपी गांव के ही गुलशन उर्फ गुल्लू को गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक सतपाल ने बताया कि इस संबंध में 22 सितंबर को गांव के प्रेम सिंह ने उसकी दुकान और मकान से नकदी और आभूषण चोरी होने के बारे में शिकायत दी थी। इस पर केस दर्ज करके कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी गुलशन उर्फ गुल्लू को गिरफ्तार किया है। आरोपी को चोरी शुदा नकदी और आभूषण की बरामदगी और सहआरोपी की गिरफ्तारी के लिए अदालत में पेश करके एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है, ताकि उससे पूछताछ की जा सके।

## हिसार में एडिड कॉलेजों से स्कूलों तक विरोध प्रदर्शन

# प्रोफेसरों ने लगाए काले बिल्ले मिड-डे-मील वर्कर्स का ज्ञापन

तीन माह से वेतन नहीं मिलने से एडिड कॉलेजों के कर्मचारियों में रोष मिड-डे-मिल वर्कर्स ने मांगा तीन माह का बकाया व न्यूनत वेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

प्रदेश के 97 सहायता प्राप्त (एडेड) कॉलेजों में कार्यरत 2,465 कर्मचारियों ने तीन माह से वेतन नहीं मिलने के विरोध में काले बिल्ले लगाकर विरोध जताया। कर्मचारियों में 1,665 शिक्षक व 800 गैर-शिक्षक कर्मचारी शामिल हैं। सीआर जाट कॉलेज के कर्मचारियों ने सरकार तत्काल वेतन देने के लिए पारदर्शी व्यवस्था बनाने, कॉलेजों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने व लंबित मांगें पूरी करने की मांग की। कर्मचारियों ने मांगें नहीं मानने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी भी दी।

डॉ. राकेश शर्मा ने बताया कि पिछले तीन महीनों से वेतन न मिलने से कर्मचारी आर्थिक संकट में हैं। त्योहारों के मौसम में परिवारों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। इससे उनकी गरिमा को ठेस पहुंचने के साथ देश की अर्थव्यवस्था पर भी असर पड़ रहा है। टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टाफ ने प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। उप प्रधान राम कुमार व महासचिव सोहन लाल ने भी कर्मचारियों को संबोधित किया।



हिसार। जाट कॉलेज में प्रदर्शन करते कर्मचारी




मांगों को लेकर प्रदर्शन करती मिड-डे-मील वर्कर्स




काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन करते डीएन कॉलेज के कर्मचारी।

### तहसीलदार को सौंपा मांगों का ज्ञापन

- प्रदेश महासचिव कुसुम पांचाल को बहाल करने की भी मांग

**हांसी।** मिड डे मील कार्यकर्ता यूनियन संबंधित एआईयूटीसी ने अपनी मांगों को लेकर शुक्रवार को लघु सचिवालय में प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और मुख्यमंत्री के नाम मांगों का ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। प्रदर्शन की अध्यक्षता मुकेश, सुनीता व पार्वती ने की।

ज्ञापन में केंद्र द्वारा दिया जाने वाला 3 महीने का 3000 बकाया तुरंत जारी देने,मानदेय हर महीने की 7 तारीख तक देने, यूनियन की राज्य महासचिव कुसुम पांचाल को नौकरी पर तुरंत बाहल करने, सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम वेतन लागू करने, मिड डे मील कुक को सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने समेत अन्य मांग शामिल है।

एआईयूटीयूसी के जिला प्रधान सत्यनारायण भाटोल ने कहा कि मिड डे मील कुक शोषण का शिकार है। इस अवसर पर सरोज, रानी, पार्वती, सुनीता, आशा, सुमित्रा, बरजी, शीला, शांति, लक्ष्मी, वंदना ठाकुर, शारदा, शांति, सुनीता, जरीना, अनीता, उषा सहित काफी संख्या में मिड डे मील कार्यकर्ता उपस्थित रही।

### डीएन कॉलेज में किया विरोध प्रदर्शन

- दोपहर एक से दो बजे तक कॉलेज गेट पर सांकेतिक धरना व काली पट्टी बांधकर की ड्यूटी

**हिसार।** दयानंद कॉलेज के गैर शिक्षक वर्ग के सभी कर्मचारियों ने हरियाणा प्राइवेट एडेड कॉलेज नॉन टीचिंग यूनियन के आह्वान पर काले बिल्ले लगा कर अपनी ड्यूटी की और सरकार की नीतियों के खिलाफ रोष जाहिर किया गया। इसके पश्चात सभी कर्मचारियों ने 1 से 2 बजे तक महाविधालय के गेट पर सांकेतिक धरना भी दिया।

गैर शिक्षक कर्मचारी नेता सुरेंद्र सिंह व सचिव चंद्र हंस ने बताया कि सरकार का एडिड कॉलेज के कर्मचारियों के प्रति अड़यिल रवैया अपनाया हुआ है। हरियाणा प्राइवेट एडेड कॉलेज के कर्मचारियों को एसीपी, एचआरए, एलटीसी, मेडिकल, सीसीएल व ग्रेज्युटि आदि का लाभ नहीं मिलता।

इसके कारण हरियाणा के सभी प्राइवेट एडेड कॉलेज में कर्मचारियों ने रोष प्रदर्शन किया। इस मौके पर नरेश कुमार, राधेश्याम, अनिल शर्मा, सुनील कुमार, संदीप कुमार, ठाकुर सिंह, कुसुम रानी, बिजेंदर कुमार के साथ साथ महाविधालय के सभी गैर शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे।



हिसार। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज चयनित छात्राओं के साथ। फोटो: हरिभूमि

## वेस्टर्न सिडनी विवि में मास्टर रिसर्च करेंगी हकृवि की 2 छात्राएं

- कुलपति ने दोनों छात्राओं को चयनित होने पर दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की दो छात्राओं का आस्ट्रेलिया के वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय में प्रतिष्ठित मास्टर आफ रिसर्च प्रोग्राम के लिए चयन हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने दोनों छात्राओं को उनकी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है। कुलपति प्रो बीआर काम्बोज ने कहा कि विश्वविद्यालय लगातार शोध कार्यों, शिक्षा, नवाचार और उद्यमिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रहा है। ऐसी उपलब्धियां से न केवल वैश्विक स्तर पर विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा बढ़ती है, बल्कि अन्य छात्रों को भी उच्च लक्ष्य के लिए प्रेरित करती हैं। माइक्रोबायोलॉजी विभाग की सुप्रिया और बॉटनी एवं प्लांट फिजियोलॉजी विभाग की यशिका अपने शोध करियर में उत्कृष्टता प्राप्त करने के साथ-साथ कृषि एवं जैविक विज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देंगी। विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय सेल की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा ने बताया कि वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी में यशिका डॉ. जेसन रेनाल्ड्स की देखरेख में और सुप्रिया डॉ. बोरजेश सिंह के मार्गदर्शन में काम करेगी। उनका चयन उनकी कड़ी मेहनत शैक्षणिक समर्पण और विवि में पोषित मजबूत शोध संस्कृति का प्रमाण है।

**जताया आभार**

सुप्रिया और यशिका ने अपने माता-पिता व शिक्षकों का उनके निरंतर प्रोत्साहन के लिए हार्दिक आभार प्रकट किया। स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. रमेश कुमार ने उच्च शिक्षा में वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के सहयोग के महत्व पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को वहां के अवसरों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। छात्राओं ने अपने सलाहकारों डॉ. शिखा मेहता, डॉ. राहुल ढाका और डॉ. जितेंद्र भाटिया के शैक्षणिक मार्गदर्शन के लिए उनका आभार प्रकट किया।

## पांच एकड़ में अवैध निर्माण ध्वस्त

- डीटीपी ने अवैध कॉलोनी पर चलाया पीला पंजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

शहर में अवैध कॉलोनियों पर सख्त कार्रवाई अभियान के तहत शहरी स्थानीय निकाय विभाग एवं जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने कुन्दनापुर रोड स्थित नंबर-1 कॉलोनी में किए जा रहे अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान चलाया। 1.5 एकड़ क्षेत्रफल में फैली इस कॉलोनी को नियमों का उल्लंघन कर बिना किसी स्वीकृति के बसाया जा रहा था। राजकीय महाविद्यालय हांसी प्रोफेसर डॉ बंता सिंह बतौर ड्यूटी मजिस्ट्रेट मौके पर मौजूद रहे। डीटीपी दिनेश सिंह, फील्ड इंस्पेक्टर सपना और पुलिस बल शामिल रहे। जेसीबी की मदद से अवैध रूप से बनाए गए दर्जनों प्लॉटों की दीवारें, सड़कों और निर्माणाधीन ढांचों को तोड़ा।



हांसी। अवैध रुप से बनाई जा रही कालोनी के निर्माण गिराती जेसीबी।

**प्लॉट खरीदने से पहले जांच जरूरी : डीटीपी**

डीटीपी दिनेश सिंह ने लोगों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार का प्लॉट खरीदने से पहले उसकी विधिक स्थिति की जांच अवश्य कर लें। उन्होंने कहा कि प्लॉट खरीदने से पहले एचएसवीपी कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-13, हिसार स्थित डीटीपी कार्यालय द्वितीय तल पर जाकर संबंधित कॉलोनी की स्वीकृति और कानूनी स्थिति की जानकारी लेनी चाहिए। ऐसा करने से भविष्य में आर्थिक नुकसान और कानूनी कार्रवाई से बचा जा सकता है।

### कल बरवाला में नमो युवा रन कार्यक्रम

**हिसार।** बरवाला की धरती पर 28 सितंबर को यहां नमो युवा रन 2025 का भव्य आयोजन किया जाएगा। जिसको लेकर युवा उत्साहित है। सुबह 6 बजे अग्रसेन चौक नजदीक बस स्टैंड से शुरू होने वाली इस दौड़ में हजारों युवा कदम से कदम मिलाते हुए देशप्रेम और ऊर्जा का संदेश देंगे। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि हरियाणा के कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा सिंह गंगवा शिरकत करेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में हांसी विधायक विनोद भयाना, पूर्व कैबिनेट मंत्री कैप्टन अभिमन्यु, भाजपा प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, पूर्व राज्यसभा सांसद डीपी वत्स, भाजपा हांसी प्रभारी दीपक शर्मा, भाजपा हांसी जिला अध्यक्ष अशोक सैनी और जिला परिषद के चेयरमैन सोनू डाटा सहित सभी प्रमुख नेता मौजूद रहेंगे।

## 110 स्कूलों के छात्रों ने दी परीक्षा

- सेंट ज्ञानेश्वर स्कूल में स्टेट हिन्दी व्याकरण परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

सेंट ज्ञानेश्वर सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रांगण में राष्ट्रीय शिक्षा समिति टोहाना जिला फतेहाबाद द्वारा हरियाणा गौरव पुरस्कार के चयन के लिए आयोजित राज्य स्तरीय हिन्दी व्याकरण परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में विभिन्न विद्यालयों के 110 विद्यार्थियों ने भाग लिया। यह जानकारी देते हुए विद्यालय के प्राचार्य सतीश वर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा समिति टोहाना द्वारा सेंट ज्ञानेश्वर सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में बच्चों के मानसिक विकास को करने के उद्देश्य व हिंदी भाषा के प्रचार प्रसार के लिए राज्य स्तरीय हिंदी व्याकरण परीक्षा का आयोजन किया गया।



हांसी। राज्य स्तरीय हिन्दी व्याकरण परीक्षा में भाग लेते विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी।

**प्रतिभा विकास में सहायक**

विद्यालय में परीक्षा संचालन के लिए समिति सचिव वीरेंद्र कौशल ने शिरकत की और परीक्षा का संचालन किया तथा बच्चों को परीक्षा संबंधी बारीकियों से अवगत करवाया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य सतीश वर्मा ने कहा कि ऐसी परीक्षाएं समय-समय पर होती रहनी चाहिए जिससे बच्चों का मानसिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण बढ़ सके वह बच्चे आने वाले समय में बड़ी-बड़ी परीक्षाओं में आसानी से सफलता हासिल कर सकें।

### गैरीश ने स्केटिंग में जीता पदक



हिसार। स्कूल स्टाफ के साथ पदक विजेता गैरीश। फोटो: हरिभूमि

**उकलाना।** लोटस इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थी ने द्वितीय हरियाणा ओपन क्लब स्टेट जोनल स्पीड रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में हिस्सा लिया। स्कूल प्रिंसिपल आरती कुनर ने बताया कि यह प्रतियोगिता हिसार के एक निजी विद्यालय में आयोजित की गई। जिसको हरियाणा रोलर स्केटिंग एसोसिएशन द्वारा आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता के अंदर लोटस इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा सातवीं के गैरीश ने हिस्सा लिया और अपनी स्केटिंग कला के हुनर दिखाते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल चेयरमैन महेंद्र कुनर और प्रिंसिपल आरती कुनर ने विजेता प्रतिभागी की हौसला अफजाई की।

## सातरोड कलां स्कूल में विज्ञान गतिविधि व उपकरण प्रदर्शनी

ऐसे आयोजनाओं से विद्यार्थियों को मिलती है प्रेरणा

- विज्ञान विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को बताया जीवन में विज्ञान और विज्ञान उपकरणा का महत्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सातरोड कलां में विज्ञान संकाय द्वारा विज्ञान गतिविधि एवं विज्ञान उपकरण प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस मौके पर विज्ञान संकाय की अध्यापिकाएं उषा चहल, नीलम जाखड़ एवं मोनिका यादव ने विद्यार्थियों को विज्ञान के विविध पहलुओं से अवगत कराया तथा उन्हें प्रयोगों के माध्यम से विज्ञान को प्रेक्टिक्ली समझने का अवसर दिया।

प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने अपनी जिज्ञासा और सृजनात्मकता का परिचय देते हुए विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी सिद्ध हुआ। स्कूल पहुंचने पर अतिथियों का स्वागत किया।



हिसार। अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट करता स्कूल स्टाफ। फोटो: हरिभूमि

**ये हुए शामिल**

विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करने एवं उन्हें मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए डाइट मात्रश्याम से डॉ. अनिल बूरा, धूपेन्द्र तथा बीआरपी से कमलेश ने विशेष रूप से शिरकत की। उनके मार्गदर्शन एवं सुझावों से विद्यार्थियों को विज्ञान विषय को गहराई से समझने का अवसर मिला।

## फार्मासिस्ट-डॉक्टर मरीज के बीच अहम कड़ी : दुहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आदमपुर

- आदमपुर पॉलीटेक्निक के फार्मेसी विभाग ने मनाया विश्व फार्मासिस्ट दिवस

राजकीय बहुतकनीकी संस्थान आदमपुर के फार्मेसी विभाग द्वारा शुक्रवार को विश्व फार्मासिस्ट दिवस बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभाग की ओर से कई शैक्षिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया। जिनमें पोस्टर व क्विज़ प्रतियोगिता प्रमुख आकर्षण रहे। प्राचार्य जगमोहन दुहन ने कहा कि फार्मासिस्ट डॉक्टर और मरीज के बीच की अहम कड़ी है। पोस्टर प्रतियोगिता में छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और दृष्टिकोण के माध्यम से फार्मासिस्ट की महत्ता को सुंदर चित्रों और नारों के माध्यम से प्रस्तुत किया। इसमें हेमंत, दीपक, मोहित, अभय और कुंवर प्रिंस की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, क्विज़ प्रतियोगिता में छात्रों ने दवाइयों, फार्मेसी के इतिहास और स्वास्थ्य जागरूकता से जुड़े प्रश्नों में उत्साहपूर्वक भाग लिया।



हिसार। पोस्टर प्रतियोगिता में हिस्सा लेते प्रतिभागी। फोटो: हरिभूमि

### बरसात से हुए नुकसान की गिरदावरी का कार्य जल्द पूरा करें पटवारी: एसडीएम

**हांसी।** एसडीएम राजेश खोथ ने शुक्रवार को संयुक्त कार्यालय परिसर में राजस्व विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारी की बैठक ली। इसमें तहसीलदार अनिल कुमार बिढान भी मौजूद रहे। एसडीएम राजेश खोथ ने बैठक में उपस्थित सभी पटवारियों तथा कानूनगो को निर्देश दिए कि खरीफ सीजन की फसलों में बरसात के कारण हुए नुकसान की गिरदावरी का कार्य तेजी से पूरा करना सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। पटवारियों से अब तक हुई प्रगति की ग्राम वाइज जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि गिरदावरी का जितना कार्य अभी लंबित है उसे शीघ्र पूरा कर रिपोर्ट भिजवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस कार्य में अगर किसी भी प्रकार की अड़चन आ रही हो तो तुरंत अवगत करवाए ,हर प्रकार की समस्या का समाधान शीघ्र करवा दिया जाएगा।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

**आयोजन** सुरक्षा के मद्देनजर एसपी ने की शराब ठेकेदारों के साथ की समीक्षा बैठक

# आबकारी नियमों में ठेकेदारों की लापरवाही बर्दाश्त नहीं: यशवर्धन

मीटिंग में शराब ठेकेदारों के सुझावों पर काम करने का दिया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने पुलिस जिला हांसी में सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए शराब के ठेकेदारों संग बैठक की गई। व्यापारिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए शराब ठेकेदारों के पदाधिकारियों को अवगत कराया गया तथा शराब ठेकेदारों के पदाधिकारियों द्वारा दिए गए सुझावों को भी अमल में लाने का आश्वासन दिया गया। बैठक में क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।



हांसी। शराब ठेकेदारों को संबोधित करते पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने शराब ठेकेदारों को कहा कि शराब के ठेकों को आबकरी पॉलिसी के तहत संचालन करें। आबकारी नियमों में कोई लापरवाही ना बरतें। ठेकों पर हाई रेज्युलेशन के कैमरे लगवाए जिसमें ज्यादा से ज्यादा दिनों की रिकॉर्डिंग सेव रह सके कैमरों की फुटेज साफ होगी। जिससे अपराधियों की पहचान करने तथा उनको पकड़ने मे आसानी होगी। उन्होंने कहा कि ठेकों पर होने वाली अपराधिक वारदातों को रोकने के लिए ठेकेदारों का सहयोग बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि कार्यरत कर्मचारियों तथा चोंकीदारों की पुलिस वेरिफिकेशन जरूर करवाएं।

**पुलिस का करें सहयोग**

बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शराब ठेकेदारों की जिम्मेदारी है कि वे अपने-अपने ठेकों पर अवैध गतिविधियों को रोकने में पुलिस का सहयोग करें। किसी भी प्रकार की अवैध बिक्री, झगड़ा, उत्पात या नशे से संबंधित गड़बड़ी की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना दें। पुलिस अधीक्षक ने ठेकेदारों से कहा कि पुलिस व प्रशासन के साथ मिलकर चलने से ही समाज में सुरक्षित वातावरण व अनुशासन स्थापित किया जा सकता है।

### आठ को एचएसवीपी के दफ्तर घेरने की चेतावनी

**हिसार।** सेक्टर 33 की समस्याओं को लेकर आज सेक्टरवासियों का एक प्रतिनिधिमंडल एचएसवीपी के प्रशासक से मिलने के लिए पहुंचा। प्रशासक मौके पर नहीं मिलने पर सेक्टरवासियों ने प्रशासक के नाम ज्ञापन एचएसवीपी के अधीक्षक अभियंता पवन कुमार को सौंपा। इस दौरान सेक्टरवासियों ने संपदा अधिकारी व अधीक्षक अभियंता को नोटिस दिया कि यदि 7 अक्तूबर तक सेक्टर की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो सेक्टरवासी 8 अक्तूबर को एचएसवीपी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन व घेराव किया जाएगा।, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी एचएसवीपी अधिकारियों की होगी। पूर्व प्रधान राजपाल नैन व प्रवीण सिंघल ने बताया कि सेक्टर की समस्याओं के समाधान नहीं हो रहा है।